पूर्वोत्तर रेलवे
अधिसूचना

कार्यालय
महाप्रबंधक(कार्मिक)
गोरखपुर 273012

संख्या-का/254/19/ प्रबंध /ग्रुप-डी से ग्रुप- सी/एलडीसीई /आठ

दि०14.01.2025

1.महाप्रबंधक/ सतर्कता / पू.उ.रे. गोरखपुर।
2. मुजाधि / कार्यालय / पू.उ.रे. /गोरखपुर।
3.सचिव /महाप्रबंधक / पू.उ.रे. /गोरखपुर।

विषय :- प्रबंध विभाग (मुख्यालय इकाई) के अधीन चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी (ग्रुप डी से ग्रुप सी)में 16-2/3% (LDCE) कोटे के अंतर्गत अवर लिपिक लेवल-02 (ग्रेड पे 1900)के रिक्त पदों को चयन के माध्यम से भरने के सम्बन्ध में।

.....

प्रबंध विभाग (मुख्यालय इकाई) के अधीन लिपकीय श्रेणी में उच्च ग्रेड की रिक्तियों सहित 16-2/3% (LDCE) कोटे के अंतर्गत 01 पद (अनारक्षित) को चयन के माध्यम से भरने का निर्णय सक्षम अधिकारी द्वारा लिया गया है। इस चयन हेतु प्रबंध विभाग (मुख्यालय इकाई) के अधीन लेवल-01(ग्रेड पे 1800) में कार्यरत कर्मचारी आवेदन कर सकते हैं, जिनकी नियमित सेवा 02 वर्ष पूरी हो चुकी हो। स्वयं के अनुरोध पर तल्लीय वरीयता पर स्थानान्तरण पर आये कर्मचारियो के सम्बन्ध में 02 वर्ष सेवा का आंकलन रेलवे बोर्ड द्वारा जारी RBE 34/2006 के अनुसार की जायेगी।

इस चयन हेतु निम्नलिखित शर्ते/नियम होंगे:-

1.रेलवे बोर्ड के पत्र सं0 ई(एन0जी0)I-2003/सी0एफ0पी0/2 दिनांक 22.09.2003 के अनुसार चयन लिखित परीक्षा एवं सेवा रिकॉर्ड के आधार पर होगी, जिसमें 85 अंक लिखित परीक्षा तथा 15 अंक सेवा अभिलेख के होंगे।

2. प्रश्न पत्र के खण्ड "अ" में हिन्दी भाषा में कार्यसाधक ज्ञान तथा खण्ड–ब में गणित, सामान्य ज्ञान, मुख्य रूप से रेल संबंधी विषयों तथा उनका रेल सेवा के दौरान परिचालित कार्य संबंधी विषयो पर प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रत्येक खण्ड 42.5 अंकों के होंगे। अभ्यर्थी को दोनों खण्डों में लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा।

3.(I) रेलवे बोर्ड के परिपत्र RB/ESTT. NO.157/2015 दिनांक 15.12.2015 के अनुसार:-

(A) लेवल -01 के ऐसे नियमित कर्मचारी जो दिनांक 17.12.2014 को या उससे पहले नियुक्त हुए है उनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल(समकक्ष हाईस्कूल/कक्षा 10) से कम नहीं होनी चाहिए ।

(B) जो कर्मचारी दिनांक 18.12.2014 को या उसके पश्चात् नियुक्त हुए है उनकी शैक्षणिक योग्यता इन्टरमिडिएट (समकक्ष इन्टर मिडिएट/कक्षा12) से कम नहीं होनी चाहिए, इसमें कुल 50% से कम अंक नहीं होने चाहिए।

(C) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति मामले में 50% अंक अनिवार्य नहीं है।

(II) आरबीई संख्या-62/2020 के अनुसार कनिष्ठ लिपिक सह टंकक लेवल-02 के पद हेतु चयन में सम्मिलित होने के लिए इन्टरमिडिएट (समकक्ष इन्टरमिडिएट/कक्षा 12) से अधिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के मामले में कुल मिलाकर 50% अंक अनिवार्य नहीं है।

4.लेवल-01 के ऐसे कर्मचारी जो इन्टरमिडिएट 10+2 से ऊपर के शैक्षणिक योग्यता (अर्थात स्नातक एवं उससे ऊपर) रखते हो ,के लिए इन्टरमिडिएट 10+2 में 50 प्रतिशत अंक की शर्त न होने पर भी आवेदन करने हेतु पात्र है।

5.रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आर0बी0ई0 संख्या 196/2018 में दिए गए प्रावधान के अनुसार लिखित परीक्षा 90 मिनट की होगी जिसमें 100 प्रश्नों के उत्तर ओएमआर शीट पर देने होंगे। चयन में बहुविकल्पीय एवं वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक काटे जायेंगे उत्तर हेतु एक ही प्रकार के काले अथवा नीले स्याही वाले पेन का प्रयोग किया जाए। उत्तर पुस्तिका में किसी प्रकार का पहचान चिह्न(जैसे हाईलाइटर,ॐ इत्यादि) नहीं लगाया जाए।

क्रमशः2 .....

6.प्रश्न पुस्तिका (OMR) के उत्तर में किसी भी प्रकार की कटिंग व ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी | कटिंग एवं ओवर राइटिंग किये गए प्रश्नों के उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा |

7.लिखित परीक्षा में प्रश्न पत्र हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होगा |

8. इस चयन की कोई अनुपस्थिति लिखित परीक्षा नहीं होगी | लिखित परीक्षा 90 मिनट की होगी ,जिसमे एक प्रश्न पत्र होगा, जिसके दो खण्ड (खण्ड-अ एवं खण्ड-ब) होंगे | अनारक्षित वर्ग की रिक्ति होने के कारण उतीर्ण होने के लिए 60 प्रतिशत अंक प्रत्येक खण्ड में प्राप्त करना आवश्यक है |

09.चयनित अभ्यर्थियों को पदोन्नति तिथि से दो वर्ष के अंदर RBE 19/2011 के अनुसार हिंदी में 25 शब्द या अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट की गति से टंकण अर्हता उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा, जिसके लिए उन्हें दो वर्ष के अंदर टंकण गति परीक्षा के तीन अवसर प्रदान किये जायेगे | टंकण अर्हता प्राप्त करने तक पदोन्नति अनन्तिम मानी जाएगी |

10.अधूरे एवं त्रुटीपूर्ण तथा सम्बंधित नियंत्रक राजपत्रित अधिकारी से बिना अग्रसारित आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा |

11.कर्मचारी इसे लिखित परीक्षा की तैयारी की सूचना समझें | कभी भी अल्प समय की सूचना पर लिखित परीक्षा सम्पन्न करायी जा सकती है |

12.आवेदन पत्र अपने नियंत्रक अधिकारी /पर्यवेक्षक को जमा करने की अंतिम तिथि 20.02.2025 होगी | नियंत्रक अधिकारी /पर्यवेक्षक द्वारा आवेदन पत्र कार्मिक विभाग को भेजने की अंतिम तिथि 28.02.2025 होगी | इसके बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा |

13.नियंत्रक अधिकारी /पर्यवेक्षक अपने अधीनस्थ सभी सम्बंधित लेवल-01 (ग्रेड पे 1800) के कर्मचारियों को इस अधिसूचना को नोट कराना एवं इसका व्यापक प्रचार- प्रसार कराना सुनिश्चित करें |

14. उपरोक्त में आईआरईएम का कोई अन्य प्रावधान या रेलवे बोर्ड द्वारा समय-समय पर जारी सर्कुलर कैडर पद पर चयन के नियम और शर्तें /लागू अन्य शर्तों के सम्बन्ध में हालांकि इस अधिसूचना में अनजाने में छुट गये हो तो उन्हें वैद्य और सक्रिय माना जायेगा |

उपरोक्त पर सक्षम अधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है |

संलग्न-आवेदन पत्र का प्रोफार्मा

(हरखेन कुमार सिंह)
सकाधि/मुख्यालय
कृते महाप्रबंधक/कार्मिक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. कार्यकुशलता अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर |
2. जॉच अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर |
3. विधि अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर |
4. महामंत्री /एन.ई.रेलवे मेंस कांग्रेस, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर |
5. महामंत्री /आल इण्डिया ओ.बी.सी., एस.सी./ एस.टी. रेलवे इम्प्लाइज एसोसिएशन/गोरखपुर |
6. मुकार्याधि/गोपनीय अनुभाग /प्रमुकाधि कार्यालय ,गोरखपुर |
7. वेवसाइड प्रति /नोटिस बोर्ड |

13.01.25

कृते महाप्रबंधक/कार्मिक

फोटो

आवेदन का प्रारूप

विषय:- प्रबंध विभाग के मुख्यालय इकाई में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी (ग्रेड पे 1800)लेवल-01 से 16-2/3% (LDCE) कोटे के अंतर्गत अवर लिपिक (ग्रेड पे 1900)लेवल-02 पद के रिक्तियों को चयन के माध्यम से भरने हेतु आवेदन पत्र |

सन्दर्भ:- संख्या-का/254/19/ प्रबंध /ग्रुप-डी से ग्रुप- सी/एलडीसीई /आठ दि० 14.01.2025

1.नाम (सर्वश्री/श्रीमती/कुमारी) .....

2.पिता/पति का नाम .....

3.समुदाय/जाति का नाम (सामान्य/अजा/अजजा) .....

4.नियुक्ति तिथि .....

5.स्वयं के अनुरोध पर वर्तमान इकाई में स्थानान्तरण का विवरण/तिथि .....

6.टी0एस0 प्राप्ति तिथि .....

7.नियमितीकरण तिथि .....

8. पदनाम एवं लेवल .....

9.भविष्य निधि संख्या .....

10.कर्मचारी/एनपीएस/पीएफ न०-.....

11.शैक्षणिक योग्यता .....

12.दिव्यांगता (PwBD) प्रमाण पत्र संलग्न |.....

13. टंकण अर्हता सम्बंधित घोषणा .....

14.मोबाइल संख्या .....

मैं प्रमाणित करता हूँ /करती हूँ कि उपरोक्त दी गयी सूचना /जानकारी सत्य है |यदि इसमें कोई असत्यता पायी जाती है तो मेरा /मेरे आवेदन को निरस्त कर दिया जाये |

दिनांक-
स्थान-
नाम –
पदनाम –
कार्यालय –

( )
प्रार्थी/प्रार्थिनी का हस्ताक्षर

नियंत्रक अधिकारी द्वारा अग्रसारित
(अधिकारी का मुहर)